>

Title: Request to give compensation of Rs. 25 Lakh and government job to the family of the victimwho are untracable due to Nanda Devi glacier outbrust in Uttrakhand.

श्री रामशिरोमणि वर्मा (श्रावस्ती): सभापति महोदया, मैं आपका बहुत-बहुत धन्यवाद करता हूँ कि आपने मुझे एक अति महत्वपूर्ण विषय पर बोलने का अवसर दिया है ।

महोदया, हमारे संसदीय क्षेत्र श्रावस्ती के ग्राम रनियापुर थाना- सिरसिया निवासी प्रभुनाथ s/o रामकिशन (उम्र-22), अजय s/o सीताराम (उम्र-35), छोटू s/o स्वर्गीय देशीराम (उम्र-37), हरिलाल s/o कंधाईलाल (उम्र-30), वेद प्रकाश s/o काली प्रसाद (उम्र-22), जो उत्तराखंड में 07/02/2021 को नंदा देवी ग्लेशियर के टूटने से लापता हो गए हैं । आज तक कुछ पता नहीं चला है ।

महोदया, अब मैं एक दूसरी घटना के बारे में बोलना चाहता हूँ । हमारे संसदीय क्षेत्र श्रावस्ती के जिला बलरामपुर, ग्राम कौवा बाजार के निवासी (आई. ई. एस.) सुभान अली की तरफ दिलाना चाहता हूँ, जो असिस्टेंट एग्जीक्यूटिव इंजीनियर के पद पर बी.आर.ओ. (रक्षा मंत्रालय) यू.टी लद्दाख प्रान्त में कार्यरत थे । 22 जून, 2020 को उनकी जिप्सी दुर्घटनाग्रस्त हो जाने के कारण वे लापता हो गए । आज तक उनका भी कुछ पता नहीं चला है । मैंने 09/07/2020 को माननीय रक्षा मंत्री जी को पत्र के माध्यम से अवगत भी कराया था ।

महोदया, मैं आपके माध्यम से रक्षा मंत्रालय और राज्य सरकार से गुजारिश करता हूँ कि इन दोनों मामलों की पुख्ता जानकारी पीड़ित परिवार को दें । उस परिवार को जीवनयापन के लिए कम से कम 25-25 लाख रुपये और पीड़ित परिवार के घर में से एक-एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने की कृपा करें ।